प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.05.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को दुमका में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में करेंगे चुनाव प्रचार।
2. लोकसभा चुनाव के छठे चरण में राज्य के चार संसदीय सीटों पर 65.40 प्रतिशत हुआ कुल मतदान, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने जारी किया आंकड़ा।
3. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए संताल में राजनैतिक दलों ने झोंकी ताकत, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने राजमहल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका में और झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने पाकुड़ में की जनसभा।
4. चक्रवाती तूफान 'रेमल' का झारखंड में रहेगा आंशिक असर, राज्य के पूर्वी मध्य और दक्षिणी भागों में कल और परसों तेज हवा के साथ वज्रपात और बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज और येलो अलर्ट।
5. आईपीएल में कोलकाता नाइट राईडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच फाइनल मुकाबला, एमए चिदंबरम स्टेडियम में आज शाम साढ़े सात बजे से।

***************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संताल परगना के दुमका एयरपोर्ट पर 28 मई को विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम तय होने के साथ ही दुमका एयरपोर्ट पर तैयारी शुरू हो गयी है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एसपीजी के अधिकारियों ने स्थानीय पदाधिकारियों के साथ सुरक्षा–व्यवस्था पर बैठक की. बैठक के बाद एयरपोर्ट पर बन रहे पंडाल में आम लोगों के प्रवेश, वीआइपी प्रवेश द्वार सहित अन्य चीजों को लेकर जरूरी दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

***************

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत कल संपन्न झारखंड के चार संसदीय सीटों पर हुए मतदान का फाइनल आंकड़ा झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने आज शाम जारी कर किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि गिरिडीह में 67.23, रांची में 65.36, जमशेदपुर में 67.68 और धनबाद में 62.06 प्रतिशत मतदान हुए है। वहीं कुल मतदान प्रतिशत 65.40 है। उन्होंने बताया कि चारों लोकसभा क्षेत्र में 2019 की अपेक्षा अधिक वोटिंग हुई है. उन्होंने बताया कि सभी इवीएम स्ट्रांग रूम पहुंच चुकी है। त्रियस्तरी सुरक्षा घेरा में ईवीएम को रखा गया है साथ ही सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी भी की जा रही है।

***************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका लोकसभा क्षेत्र में दौरा कर भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि देश की बागडोर मजबूत हाथ में सौंपने के लिए भाजपा को वोट करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल तक शासन किया लेकिन जब झारखंड के अधिकार की बात आई तो झामुमो के नेताओं ने सौदेबाजी कर झारखंड आंदोलन को कांग्रेस के हाथों बेच दिया। भाजपा ने ही अलग झारखंड बनाने का काम किया है। भाजपा के पास ही झारखंड के विकास का विजन है। इधर केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने राजमहल

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष में संकल्प सभा कर वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने यहां की भाषा संस्कृति को खत्म करने का काम किया है।

**************

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आज जामताड़ा के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत मालवा मैदान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमें देश को बचाना है। लोकतंत्र को बचाना है, और संविधान को बचाना है। उन्होंने राज्य सरकार को उपलब्धियां गिनाई और कहा कि राज्य सरकार हर समुदाय को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने इंडी गठबंधन के उम्मीदवार प्रदीप यादव को विजयी बनाने की अपील की। सभा को मंत्री मिथलेश ठाकुर, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने भी संबोधित किया।

**************

झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेत्री कल्पना सोरेन ने आज राजमहल संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के पक्ष में पाकुड़ के झिकरहट्टी स्कूल मैदान में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंडियों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए हेमंत सोरेन ने जेल जाने से भी परहेज नहीं किया। श्रीमती सोरेने ने कहा कि झारखण्ड के साथ केंद्र सरकार ने सौतेला व्यवहार किया है जिसका जवाब 1 जून को देना है। चुनावी सभा को सांसद सरफराज अहमद् विजय हांसदा सहित कांग्रेस पार्टी के नेताओ ने भी संबोधित किया।

**************

दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तैयारी लगभग अंतिम चरण में है। यहां एक जून को मतदान होना है।

**************

विधायक सरयू राय ने आज जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ हमें विभाग से फाइल भी चोरी करवानी पड़े, तो हम करेंगे। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचारी स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को किसी हाल में नहीं छोड़ेंगे। श्री राय ने कहा कि हम ईडी से कहेंगे कि वह इस मामले को टेकओवर करे।

**************

चाईबासा के पुलहातु निवासी लाइब्रेरीमैन के नाम से विख्यात संजय कच्छप के द्वारा लाइब्रेरी को समृद्ध करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

**************

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए हावड़ा–रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की समय सारणी में परिवर्तन किया है। 10 जून से यह ट्रेन बदले हुए समय से चलेगी, जिसके लिए रेलवे ने शेड्यूल भी जारी कर दिया है। इसके अनुसार हावड़ा से यह ट्रेन दिन के दो बज कर पैंतीस मिनट पर प्रस्थान करेगी, टाटा नगर में पहुंचने के समय शाम के पांच बज कर पचास मिनट और मुरी में रात के आठ बज कर पांच मिनट पर यह ट्रेन आएगी। रांची जंक्शन पर रात के दस बजे इस ट्रेन का आगमन होगा।

**************

चक्रवाती तूफान रेमल का राज्य में आंशिक असर देखने को मिलेगा। राज्य के पूर्वी, मध्य और दक्षिणी भागों में आज, कल और परसों कहीं–कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी करते हुए बताया गया है कि इस दौरान तेज हवाओं के साथ वज्रपात भी हो सकता है।

**************

रायपुर में कोयला कारोबारी की हत्या करने पहुंचे लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के चार शूटर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। बोकारो पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ के अलावा झारखण्ड में भी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना थी। पुलिस ने आज बताया कि पकड़े गये शूटर्स अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई के कहने पर टार्गेट को अंजाम देते थे।

***************

आईपीएल क्रिकेट के फाइनल मुकाबले के लिए आज सनराइजर्स हैदराबाद चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

********समाप्त********